सं. आरयू/1/2022 {ई-97944}
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
सांख्यिकी ब्यूरो
***

भूतल, जीवन तारा बिल्डिंग
संसद मार्ग, नई दिल्ली-01
दिनांक: 30.11.2023

## विज्ञापन

## महिला छात्राओं/स्कॉलर्स/सामाजिक कार्यकर्ताओं/शिक्षकों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम

भारत के नॉन-टियर 1 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से महिला छात्रों/स्कॉलर्स/सामाजिक कार्यकर्ताओं/ शिक्षकों से दो महीने (01.01.2024 से 29.02.2024 तक) की अवधि के इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इंटर्नशिप कार्यक्रम के इच्छुक उम्मीदवारों को किसी विश्वविद्यालय/ शैक्षणिक/गैर-शैक्षणिक संस्थान में नामांकित/संबद्ध होना आवश्यक है।

2. इस कार्यक्रम का आशय महिला छात्रों/स्कॉलर्स/सामाजिक कार्यकर्ताओं/शिक्षकों (जिन्हें इसके बाद 'इंटर्न' कहा गया है) को अल्पकालिक सहयोग देकर मंत्रालय की नीतियों और कार्यक्रमों से परिचित कराने में मदद करना है। इंटर्न को मंत्रालय की जारी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए पायलट प्रोजेक्ट /सूक्ष्म अध्ययन करना अपेक्षित हो सकता है। मंत्रालय इस गतिविधि से इंटर्नों को अपने अधिदेश, विशिष्ट कार्यक्रमों और नीति विश्लेषण के बारे में गुणात्मक जानकारी देने का प्रयास करता है ताकि उन्हें भविष्य में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों को विभिन्न मंचों पर उठाने के लिए सक्रिय बनाया जा सके।

3. 21-40 वर्ष की आयु समूह की अभ्यर्थी अपना आवेदन गूगल फॉर्म https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSehyNTXSAbgvN843P-FOjfpipytEnN9eu0s2Yav1kNyxw5lFA/viewform?vc=0&c=0&w=1&flr=0 के जरिए भेज सकती हैं। अभ्यर्थियों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे विधिवत भरे हुए स्व-सत्यापित फॉर्म *(नीचे संलग्न)* की स्कैन की गई प्रतिलिपि गूगल फॉर्म के संबंधित फील्ड में अपलोड करें। फॉर्म 01.12.2023 को 00.00 बजे से प्रतिक्रिया स्वीकार करना शुरू कर देगा और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 10.12.2023 को 23:59 बजे तक है।

4. इंटर्न का चयन इस प्रयोजन के लिए विधिवत गठित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जाएगा। संस्तुत अभ्यर्थियों की सूची मंत्रालय की वेबसाइट पर 'नया क्या है' के तहत उपलब्ध होगी। इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए एक बार चयनित अभ्यर्थी, फिर से आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होगी।

5. चयनित इंटर्न को 20,000/- रुपये प्रति माह की एकमुश्त वृत्तिका (स्टाइपेंड) दी जाएगी और मंत्रालय में कार्यक्रम में शामिल होने और कार्यक्रम के समाप्त होने पर वापसी के लिए यात्रा व्यय (डीलक्स/एसी बस/3 टियर एसी ट्रेन द्वारा) की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इच्छुक प्रशिक्षुओं को दिल्ली में उनके कार्यक्रम की अवधि के लिए साझेदारी के आधार पर छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाएगी। छात्रावास की सुविधा में केवल अटैच बाथरूम (गद्दे शामिल नहीं है), मेज, कुर्सी और अलमारी के साथ प्रत्येक कमरे में ट्रिपल शेयरिंग आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल होंगी। मैस शुल्क आवास के भाग के रूप में शामिल नहीं हैं और इसे छात्रावास की सुविधा का लाभ उठाने वाले इंटर्न द्वारा वहन किया जाना है। छात्रावास की सुविधा कार्यक्रम शुरू होने के 2 दिन पहले से कार्यक्रम के समाप्त होने के 2 दिन बाद तक उपलब्ध रहेगी (उदाहरण के लिए, 01.01.2024 से शुरू और 29.02.2024 को समाप्त होने वाले इंटर्नशिप बैच के लिए, छात्रावास की सुविधा 30.12.2023 के पूर्वाह्न से 02.03.2024 को अपराह्न तक उपलब्ध होगी)। इंटर्नशिप कार्यक्रम के सफल समापन पर इंटर्न को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

6. इंटर्नशिप कार्यक्रम के विस्तृत दिशानिर्देश मंत्रालय की वेबसाइट https://wcd.nic.in/schemes/internship-scheme पर देखे जा सकते हैं।

7. किसी अन्य विवरण/पूछताछ हेतु, अभ्यर्थी आईडी <mwcd-research@gov.in> पर सांख्यिकी ब्यूरो से सभी कार्य दिवसों में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच संपर्क कर सकती हैं।

मनीषा

(मनीषा कुमारी)
सहायक निदेशक

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ प्रशिक्षुता की स्कीम के लिए आवेदन (स्व सत्यापित करें और संलग्न करें)**

| |
|---|
| इस स्थान पर हाल ही की स्टैम्प आकार की फोटो लगाएं |

| क्र.सं. | **भाग क- व्यक्तिगत ब्यौरा** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदक का नाम (साफ अक्षरों में) | | | | | |
| 2 | जन्म तिथि (दिनांक/माह/वर्ष) | | | | | |
| 3 | लिंग (केवल महिला अभ्यर्थियों से ही आवेदन स्वीकार किए जाते हैं) | | | | | |
| 4 | ई-मेल | | | | | |
| 5 | मोबाइल नम्बर | | | | | |
| 6 | आईडी प्रूफ नम्बर (पैन/आधार/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी/ सरकार द्वारा अनुमोदित कोई अन्य आईडी) | | | | | |
| 7 | ग्रामीण/गैर-ग्रामीण(केवल आवेदक के स्थायी पते के अनुसार) | | | | | |
| 8 | पिन कोड के साथ पूरा पता | | | | | |
| | राज्य | शहर | जिला | गांव (यदि ग्रामीण है) | घर का पता | पिन कोड |
| | | | | | | |
| | **भाग ख – शैक्षिक/गैर-शैक्षिक ब्यौरा** | | | | | |
| 9 | श्रेणी(विद्यार्थी/विद्वान/शिक्षक/सामाजिक कार्यकर्ता) | | | | | |
| 10 | विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्था/संगठन का नाम, जिसके साथ **फिलहाल** सम्बद्ध है | | | | | |
| 11 | उपरोक्त संस्था में जिस पाठ्यक्रम में नामांकित हैं, उस पाठ्यक्रम का नाम ***(विद्यार्थियों और विद्वानों के लिए)***<br><br>वर्तमान संस्था/संगठन में धारित पद ***(शिक्षकों/ सामाजिक कार्यकर्ता के लिए)*** | | | | | |
| 12 | पाठ्यक्रम की अवधि (इसके पूरा होने का वर्ष और माह) | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | शैक्षिक/गैर-शैक्षिक संस्था के प्रमुख का नाम और सम्पर्क ब्यौरा | |

| 14 | **भाग ग - शैक्षिक ब्यौरा** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/संस्था/विश्वविद्यालय का विवरण | डिग्री | विषय | अंकों का कुल प्रतिशत |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| 15 | **भाग घ - कार्य अनुभव** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | संगठन का नाम | कार्यभार ग्रहण करने की तारीख | छोड़ने की तारीख | धारित पद | भूमिकाएं और उत्तरदायित्व |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| 16 | **भाग ङ – छात्रावास की सुविधा** | |
|---|---|---|
| | क्या छात्रावास की सुविधा चाहिए (ट्रिपल शेयरिंग के आधार पर अपेक्षित है) - हां/नहीं | |

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**